(c) The Department of Telecommunications only provides necessary technical assistance and therefore does not exercise any check regarding the number being intercepted so long as proper authority exists to intercept the call.

दिल्ली टेलीफोन्स को प्रतीक्षा-सूची

4199. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1986 में महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के पास टेलीफोन कनेक्शनों के लिए पंजीकृत सभी व्यक्तियों को अभी तक टेलीफोन कनेक्शन नहीं दिए गए हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) 30 जून, 1992 की स्थिति के अनुसार दिल्ली में एक्सचेंज-वार और श्रेणीवार प्रतीक्षा सूची का ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार प्रतीक्षा सूची में दर्ज सभी व्यक्तियों को टेलीफोन कनेक्शन देने के लिए टेलीफोन एक्सचेंजों की क्षमता बढ़ाने का विचार रखती है ; और

(ङ) उन्हें टेलीफोन कनेक्शन कब तक दिए जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) जी हां, 39 एक्सचेंज क्षेत्रों में से 13 क्षेत्रों में 1986 तक पंजीकृत सामान्य श्रेणी के आवेदकों को अभी टेलीफोन कनेक्शन प्रदान किए जाने हैं ।

(ख) उपस्कर का अभाव होने के कारण टेलीफोन कनेक्शन प्रदान नहीं किए जा सके ।

(ग) इस संबंध में एक विवरण पहले ही सदन के पटल पर रख दिया गया है। (देखिए परिशिष्ट 165 अनुपत्र संख्या 77)

(घ) और (ङ) मार्च 1994 तक ओवाईटी विशेष श्रेणी में प्रतीक्षा अवधि 6 महीने तक करने और सामान्य श्रेणी में प्रतीक्षा अवधि दो वर्ष तक घटाने के लिए अस्थाई योजनाएं बनाई जा रही हैं। परंतु यह सामग्री वित्तीय संसाधनों के समय पर उपलब्ध होने पर निर्भर करेगा ।

गांवों में टेलीफोन सुविधाएं

4200. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्यवार कितने गांवों में टेलीफोन सुविधाएं उपलब्ध हैं ;

(ख) क्या सरकार वर्ष 1992-93 के दौरान और अधिक गांवों में टेलीफोन सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका राज्यवार ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) अद्यतन सूचना और 31-3-92 की स्थिति के अनुसार टेलीफोन सुविधायुक्त गांवों की कुल संख्या 84334 हैं । राज्यवार ब्यौरे संलग्न विवरण--1 में दिए गए हैं। (नीचे देखिए)

(ख) जी हां ।

(ग) वर्ष 1992-93 के लिए 36509 पंचायत ग्रामों को टेलीफोन सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध । राज्य-वार ब्यौरे संलग्न विवरण-2 में दिये गये है ।